**सफलता** | देश भर में 5.53 करोड़ प्रतिष्ठान अकेले व्यक्ति से संचालित हैं, ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ा इंटरनेट का प्रयोग

# यूपी में अपने बूते कारोबार करने वाले ज्यादा

■ अजित खरे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पूरे देश में अपने बूते कामधंधा करने वाले यानी एकल व्यवसायी यूपी में सबसे ज्यादा हैं। असंगठित क्षेत्र के गैरकृषि उद्यमों में 5.53 करोड़ प्रतिष्ठान अकेले व्यक्ति द्वारा संचालित हैं। पश्चिम बंगाल दूसरे स्थान पर हैं तो बिहार पांचवें स्थान पर है।

राष्ट्रीय सर्वेक्षण की नवीनतम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। सर्वेक्षण के मुताबिक देश भर में कुल 6.50 करोड़ प्रतिष्ठान हैं। इनमें लगभग 3.56 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों से तथा लगभग 2.94 करोड़ शहरी क्षेत्रों से संबंधित हैं। 5.53 करोड़ उद्यम प्रतिष्ठान एकल व्यवसायी मालिक के रूप में बाकी 97 लाख भाड़े के कामगार प्रतिष्ठान (एचडब्लूई) वाले हैं। ग्रामीण क्षेत्र में कुल प्रतिष्ठानों की हिस्सेदारी यूपी में 15.83 प्रतिशत है जबकि शहरी क्षेत्र में यह हिस्सेदारी 11.39 प्रतिशत है। व्यवसाय व अन्य सेवाओं में यूपी की हिस्सेदारी अन्य राज्यों में सबसे ज्यादा है जबकि निर्माण में प्रतिष्ठानों में महाराष्ट्र अव्वल है।



## काम धंधे वाले प्रतिष्ठानों की हिस्सेदारी प्रतिशत में

| राज्य | ग्रामीण | | शहर | |
|---|---|---|---|---|
| | ओएई | एचडब्लूई | ओएई | एचडब्लूई |
| यूपी | 15.99 | 13.99 | 12.24 | 8.61 |
| पश्चिम बंगाल | 13.11 | 7.67 | 12.68 | 6.63 |
| महाराष्ट्र | 7.08 | 8.24 | 11.01 | 15.41 |
| तमिलनाडु | 3.57 | 7.27 | 8.61 | 11.36 |
| बिहार | 7.83 | 8.52 | 3.11 | 2.78 |

ओएई - एकल व्यवसायी , एचडब्लूई - भाड़े के कामगार आधारित स्वामित्व

## महिला रोजगार देने में यूपी दूसरे नंबर पर

असंगठित गैरकृषि क्षेत्र में कुल श्रमिकों में 25.63 प्रतिशत महिलाएं हैं। निर्माण क्षेत्र ऐसा है, जहां सर्वाधिक 43 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार मिला है। कुल मिला कर महिला रोजगार देने में शीर्ष राज्यों में पश्चिम बंगाल नंबर एक है। 11.30% हिस्सेदारी के साथ महिला रोजगार देने में यूपी नंबर दो पर है। तीसरे स्थान पर 10.37% के साथ महाराष्ट्र है।

**इंटरनेट का बढ़ रहा इस्तेमाल:** ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कम्प्यूटर का उपयोग 7.7 प्रतिशत से बढ़कर 13.5 प्रतिशत हो गया।